an>

Title: Need to shift the headquarters of Damodar Valley Corporation from Kolkata to Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार राय (कोडरमा) ः डी.वी.सी. स्वतंत्र भारत की प्रथम बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना के रूप में अस्तित्व में आयी थी। भारत के जनमानस की धरोहर डी.वी.सी. अनियमित दामोदर नदी को नियंत्रित करने हेतु किये गये अथक प्रयासों के फलस्वरूप अस्तित्व में आया। यह झारखण्ड तथा पश्चिम बंगाल के राज्यों को आवृत करते हुए 25000 वर्ग कि.मी. के क्षेत्र में फैली हुई है। डी.वी.सी. दामोदर घाटी निगम का अधिकतर कार्यक्षेत्र झारखंड में है, लेकिन खेद का विषय है कि इसका मुख्यालय कोलकाता में है, प्रत्येक कार्य के लिए अधिकारी/कर्मचारी व अन्य जनता को कोलकाता जाना पड़ता है, जिससे समय और धन की हानि होती है। जबकि परियोजना के सबसे ज्यादा वाले हिस्से में ही मुख्यालय होना चाहिए। मेरा सरकार से अनुरोध है कि डी.वी.सी. का मुख्यालय कोलकाता से झारखण्ड राज्य में स्थानांतरित किया जाए।